मेरी मैया मेहर करेगी

हो हो हो जयकारा बोलो शेरावाली का,
शेरावाली का पहाड़ वाली का,
हो हो हो जयकारा बोलो शेरावाली का....

टीका तो मैं लेकर आई मैया को पहनाऊंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी बिंदिया भी लगा दूंगी....

झुमके तो मैं लेकर आई मैया को पहनाऊंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी नथनी भी पहना दूंगी....

हरबा तों में लेकर आई मैया को पहनाऊंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी माला भी पहना दूंगी.....

कंगन तो मैं लेकर आई मैया को पहनाऊंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी मेहंदी भी लगा दूंगी.....

पायल तो मैं लेकर आई मैया को पहना दूंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी महावर भी लगा दूंगी.....

लहंगा तो मैं लेकर आई मैया को पहनाऊंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी चुनरी भी उड़ा दूंगी.....

हलवा तो मैं लेकर आई मैया को खिलाऊंगी,
जो मेरी मैया मेहर करेगी छोले भी खिला दूंगी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29098/title/meri-mayia-mehar-karegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |